हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .4 डिग्री

11 किशोरी कॉलेज के एथलेटिक मीट में दीपांशी को बेस्ट ...

12 डीसी का अभिभावकों से अनुरोध सरकारी ...

खबर संक्षेप

मदविः सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बीएससी स्पोर्ट्स साइंस के पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर और री अपीयर तथा छठे सेमेस्टर की री अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

सुंदरपुर में 27 को होगा रात्रि ठहराव कार्यक्रम

रोहतक। जिला प्रशासन द्वारा अब 27 मार्च को गांव सुंदरपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ग्रामवासियों की शिकायतें सुनेंगे तथा मौके पर गांव की सभी समस्याओं की जानकारी लेकर उनका समाधान करवाएंगे।

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने नाबालिग युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि जिला सोनीपत निवासी जयभगवान की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी पशुधन प्रदर्शनी

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि इस वर्ष की वार्षिक पशुधन प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र में 30 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी। आयोजन का संचालन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह मेला पशुपालन में नवीनतम तकनीक एवं उन्नत प्रबंधन की जानकारी साझा करने का एक उत्तम अवसर सिद्ध होगा। मेला में कृषि एवं पशुपालन से संबंधित विभिन्न प्रदर्शनी, कार्यशालाएं एवं चर्चा-सत्र आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने जिला के सभी किसानों का आह्वान किया है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपने अनुभव एवं सुझावों से कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजन में पशुपालकों की भागीदारी न केवल पशुपालकों के लिए लाभदायक होगी, बल्कि राज्य की समग्र उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

गोवंश की होगी टैगिंग, पहरावर गोशाला में टैगिंग कार्य शुरू

सड़कों से गोवंश पकड़ने के लिए भी अभियान शुरू होगा

अब सड़कों पर बेसहारा छोड़ा गोवंश तो नहीं मिलेगा वापस

बेसहारा पशुओं को पकड़ते निगम कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सड़कों पर गोवंश न छोड़ने और गोवंश को गोशाला तक सुरक्षित रखने को लेकर नगर निगम ने योजना तैयार की है। जिसके तहत टैगिंग करने का कार्य शुरू किया गया है। इसके साथ ही नए आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें स्पष्ट कहा गया है कि गोवंश को सड़कों पर बेसहारा छोड़ने पर गोवंश को वापिस मालिक को नहीं दिया जाएगा। निगम द्वारा गोंवश को पकड़कर पहरावर गोशाला में भेजा जाएगा। जहां उसके लिए चारे की व्यवस्था निगम द्वारा की जाएगी। इसके अलावा गोवंश मालिकों की पहचान होने पर उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गोवंश की टैगिंग का कार्य पहरावर गोशाला से शुरू कर दिया गया है ताकि गोवंश की पहचान हो सके। सारा डाटा तैयार करवाया जा रहा है। पशुपालन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्य किया जा रहा है।

1500 गोवंश की टैगिंग करवाई

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने बताया कि नगर निगम की टीम व पशुपालन विभाग की टीम द्वारा नगर निगम, रोहतक की पहरावर गौशाला में गोवंश की टैगिंग का कार्य करवाया जा रहा है। इन्होंने मंगलवार को नगर निगम की गौशाला का निरीक्षण भी किया। इन्होंने बताया कि अभी तक नगर निगम द्वारा लगभग 1500 गोवंश की टैगिंग करवाई जा चुकी है। शेष गोवंश की टैगिंग का कार्य भी प्रगति पर है। जिसे जल्द पूर्ण किया जायेगा। नगर निगम गौशाला के पशुओं हेतु सभी टैग संतरिया रंग के है तथा सभी टैग पर नम्बर व निगम की पहचान बनवाई गई है। ताकि निगम द्वारा पकड़े गये गोवंश की अलग से पहचान की जा सके। टैगिंग के दौरान पशुपालन विभाग की ओर से उप निदेशक डॉ. सूर्या खटखड़, निगम की तरफ से सहायक सफाई निरीक्षक सुमित व संदीप राठी उपस्थित रहे।

पकड़ने के लिए चलाया अभियान

संयुक्त आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़वाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इन्होंने आमजन से अपील हैं कि वे पशुओं को खुले में न छोड़ें। आमजन को भी असुविधा होती हैं। जो व्यक्ति पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं। उन पर कार्रवाई की जाएगी।

हादसों का शिकार बन रहे गोवंश

सेक्टर एक, दो, तीन, ओमेक्स सिटी, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड, सब्जी मंडी, नया बस अड्डा, आईएमटी और सनसिटी आदि ऐसे स्थान हैं, जहां सबसे ज्यादा गोवंश सड़कों पर देखने को मिलेगा। कई बार वाहनों की टक्कर से गोवंश घायल हो जाते हैं। इसके अलावा कई जगह गोवंश की टक्कर से बच्चें और दुपहिया वाहन चालक हादसें का शिकार हो जाते हैं।

रोहतक। पोस्टमार्टम के लिए लाया शव एवं मृतक जगदीप का फाइल फोटो।

जगदीप हत्याकांड में आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पुलिस ने गांव पैतावास (दादरी) से रोहतक निवासी जगदीप के शव को बरामद किया है। आरोपियों ने उसे जमीन के अंदर-7 फुट से भी ज्यादा गहरे गड्ढे में जिंदा ही दफनाया दिया था। मुख्य आरोपी ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के शिक्षक जगदीप (45) के मोबाइल में अपनी पत्नी की फोटो देखी थी और इसी बात से आक्रोश में आकर उसने इस पूरे हत्याकांड का अंजाम दिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार शाम रोहतक एएसपी शशी शेखर की अगुआई में टीम दादरी के पैंतावास कलां गांव पहुंची। इस दौरान सीआईए, एफएसएल और पुलिस टीम ने मृतक के परिजनों की मौजूदगी में शव को रस्सों से खींच बहार निकाला, जिसके बाद वो शव को अपने साथ रोहतक ले गए। यहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पैतावास में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

पुलिस 24 मार्च को गांव पैतावास में घटनास्थल पर पहुंची व आरोपियों द्वारा बताए गए अनुसार गढ्ढे से जगदीप के शव को निकाला गया। अभियोग में हत्या, अपहरण व चोट मारने की धाराए जोड़ी गई है। 25 मार्च को मृतक जगदीप का पीजीआईएमएस में बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया गया है। वारदात में शामिल रहे मुख्य आरोपी राजकरण व अमित को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम द्वारा निरंतर छापेमारी की जा रही है जिन्हे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

वारदात का खुलासाः जांच में सामने आया कि जगदीप करीब 3 साल से जनता कॉलोनी में किराये के मकान पर रह रहा था। मकान मालिक की पुत्री की शादी राजकरण निवासी गांव पैंतावास के साथ हो रखी है। युवती के पति मुख्य आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी की जगदीप के साथ दोस्ती है। 24 दिसंबर 2024 को राजकरण ने अपने गांव के धर्मपाल व प्रदीप से मिलकर बाबा कालू वाला डेरे के पास जोहड़ी की जमीन पर खड्डा खुदवाया। 24 दिसंबर को सायं के समय मुख्य आरोपी हरदीप, अमित के साथ मिलकर जनता कॉलोनी रोहतक में जगदीप के घर पर पहुंचे तथा मारपीट करके जगदीप को बंधक बनाकर गाड़ी में डालकर पैतावास गांव में ले गए और जिंदा गाड़ दिया। योजना के अनुसार पहले सें ही खोदे गए खड्डे में जिंदा फेंक कर ऊपर सें मीटी डाल कर दफ़न कर दिया। आरोपी खेतीबाड़ी का काम करता है तथा पिकअप डाला चलाता है।

---

15 हजार रिश्वत लेते पकड़ा वसीका नवीस

- जमीन की रजिस्ट्री के लिए मांगे थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सांपला

कस्बे में तहसील में कार्यरत वसीका नवीस को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पीड़ित सोनू ने एसीबी को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके द्वारा आधा बीघा (476 गज) जमीन अपनी माता के नाम से खरीद की गई है। इस जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिये वह 3/4 दिन तहसील सांपला में चक्कर लगाता रहा और वहां कई सरकारी कर्मचारियों से मिला। लेकिन वे उसका काम टालते रहे। इसके बाद वह अरूण मलिक, डीड राईटर से मिला। शिकायत में बताया गया है कि सोनू 10 हजार रुपए पहले ही आरोपी के बताए बैंक खाते में भेज चुका है। अब आरोपी 15 हजार रुपए रिश्वत के रूप में और मांग रहा था। सोनू का आरोप है कि अरुण ने कहा था कि उसे अन्य लोगों को भी रुपये देने पड़ते हैं। शिकायत मिलने के बाद अधिकारियों ने आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए कार्रवाई की। सोनू ने आरोपी अरुण मलिक को 15 हजार रुपए लेने के लिए सांपला के गिझी रोड पर बुलाया। सोनू ने आरोपी अरुण को रिश्वत के 15 हजार थमाएं, जिसके बाद एसीबी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

खेल कार्यालय में 28 तक प्रस्तुत करें आवेदन

रोहतक। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों व नगर निकाय के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने व नशे जैसी बुरी आदतों से बचाने के लिए हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्टस इक्वीपमेंट स्कीम करवाया जाएगा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। खेल सामान मांग निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर सर छोटूराम स्टेडियम स्थित जिला खेल कार्यालय में 28 मार्च तक प्रस्तुत करें। खेल सामान की मांग से संबंधित निर्धारित प्राफार्मा खेल कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यार्थी अभिनंदन कार्यक्रम में बोले पीजीआईएमएस कुलपति

लक्ष्य बनाएं, जीवन शैली को संयमित रखें व समय पर कार्य पूरा करें: डॉ. एचके अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

हमें प्रतिदिन सुबह उठते ही अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त करना चाहिए और फिर भगवान व गुरुओं का धन्यवाद व्यक्त करना चाहिए जो हमें जीवन का लक्ष्य दिखाते हैं। हमें अपना एक लक्ष्य बनाकर खुद को उसके अनुसार ढालते हुए अपनी जीवन शैली को नियमित रखें और अपना कार्य हमेशा समय पर पूरा करें। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल का। वें मंगलवार को लेक्चर थियेटर पांच में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित नूतन विद्यार्थी अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे।इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि एक चरक शपथ कार्यक्रम को विद्यार्थियों द्वारा एक उत्सव की तरह आयोजित किया जा रहा है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि समाज सेवा एक बहुत जरूरी अंग है। हम चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं और इससे हमें आजीविका तो मिलती है, इसमें हम समाज के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि एनएमओ हमें एक मार्ग प्रदान करता है जिससे हम बुराई के रास्ते पर भटकने से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें एक लक्ष्य को लेकर चलना चाहिए। हम अपने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखें।

रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल। फोटोः हरिभूमि

इन्हें मिला बेस्ट टीचर का अवार्ड

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा वोटिंग के माध्यम से चयनित किए गए चार चिकित्सकों को कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल द्वारा बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया। बेस्ट टीचर की श्रेणी में फार्माकोलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति कौशल, एनाटॉमी विभाग से एसोसिएट प्रो. डॉ. सुमन यादव, हड्डी रोग विभाग से एसोसिएट प्रो. डॉ. उमेश यादव, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से एसो. प्रोफेसर डॉ. विनोद चायल शामिल रहे।

खरीद | पिछले वर्ष के मुकाबले सरसों की आवक कम

अनाज मंडी में मंगलवार को 303 क्विंटल सरसों की आवक, अब तक 487 क्विंटल की हुई खरीद

- अभी तक कुल 648 क्विंटल सरसों की हो चुकी है आवक
- हैफेड ने 487 क्विंटल सरसों की खरीद कर उठान भी कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

नई अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो चुकी है। मंडी कर्मचारियों ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऐसे में वाटर कूलर के पास लगी टंकियों को भी साफ किया जा चुका है। मंगलवार को मंडी में 303 क्विंटल सरसों की आवक हुई है। पिछले कुछ दिनों में अभी तक कुल 648 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। वहीं हैफेड ने अभी तक कुल सरसों की आवक में से 487 क्विंटल सरसों की खरीद कर चुका है। पिछले वर्ष के मुकाबले आंकडों की बात करें तो इन दिनों में अभी तक सरसों की आवक बिल्कुल कम हुई है। पिछले वर्ष अभी तक 1500 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। जिसमें हैफेड ने ही खरीद कर उठान भी शुरू कर दिया था। हालांकि हैफेड ने 487 क्विंटल सरसों की खरीद कर उठान भी कर लिया है। यह उठान का कार्य साथ की साथ किया जा रहा है। ताकि आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बारदाना भी पर्याप्त मात्रा में पहुंच चुका है।

किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी

मंडी में किसानों को कोई परेशानी न हो उसके लिए तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। पर्याप्त मात्रा में बारदाना भी मंडी में पहुंच चुका है। अभी तक मंडी में सरसों की कुल 648 क्विंटल आवक हो चुकी है। हैफेड सरसों की खरीद कर रही है। जिसका साथ की साथ उठान भी किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए पूरे प्रबंध किए गए हैं। **-देवेंद्र ढुल, मंडी सचिव,** नई अनाज मंडी

सांपलाः आवक की 60% फसल खरीदी गई

सांपला। कस्बे की अनाज मंडी में सरसों की आवक बढ़ गई है। मंगलवार तक करीब 5000 क्विंटल सरसों बिक्री के लिए पहुंच चुकी है। मंगलवार को हेफेड द्वारा 3 दिन के बाद खरीद शुरू की। आवक की 60% फसल खरीदी गई। वैसे सरकार द्वारा 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू कर रखी है।

'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

नई दिल्ली। हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style



रश्मिका

मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

हॉलीवुड मसाला

'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।

पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

लॉस एंजिल्स। डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

मुंबई। साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।

'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

मुंबई। मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

टीवी मसाला

अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

नई दिल्ली। बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

मंच पर फफक कर रो पड़ीं

मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों

के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।

इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

रेड 2 : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

हाउसफुल 5 : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो

चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

वॉर 2 : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दे दे प्यार दे 2 : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थीं। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।

नई दिल्ली। जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।

डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

खबर संक्षेप

काहनौर का हैप्पीनेस सर्वे किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ग्राम काहनौर में मानसिक स्वास्थ्य, वेलबींग तथा हैप्पीनेस सर्वे का कार्य आउटरीच एक्टिविटी के तहत किया गया। मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने गांव काहनौर में घूम-घूमकर 500 लोगों से संपर्क कर, उनसे संवाद कर, सर्वे प्रश्नावली भरवाई। इस तरह सोशल आउटरीच का कार्य करते हुए अनुभवात्मक शिक्षण का पाठ पढ़ा। विभागाध्यक्ष प्रो. अंजलि मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य के मानसिक आयाम तथा हैप्पीनेस मनः स्थिति के आकलन के लिए ये आउटरीच एक्टिविटी करवाई गई।

नवीन दलाल ने पैरा खेलो इंडिया में सिल्वर जीता

रोहतक। पैराओलंपिक खिलाड़ी नवीन दलाल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पैरा खेलो इंडिया प्रतियोगिता जो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित हुई उसमें उन्होंने सिल्वर मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। इससे पहले 2024 में उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और एशियाई खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने फरवरी 2025 में आयोजित नेशनल गेम्स, जयपुर में उन्होंने दो सिल्वर मेडल जीते, और फिर फरवरी 2025 में बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया।

दो दिवसीय एथलेटिक मीट का शुभारंभ

रोहतक। वैश्य महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वैश्य शिक्षा समिति के प्रबंधकारिणी सदस्य ईश्वर चंद गुप्ता एवं कॉलेजियम सदस्य सुनील जैन ने किया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया एवं उन्हें सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय खो-खो वर्ल्ड कप खिलाड़ी, हरियाणा राज्य की एकमात्र प्रतिनिधि, मीनू धत्तरवाल तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ने छात्राओं को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ दिलाई।

बार एसोसिएशन महम के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपे प्रमाण पत्र

- 11 अप्रैल को बार रूम में धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम। बार एसोसिएशन महम के नवचयनित पदाधिकारियों को जीत के प्रमाण पत्र प्रदान करते चुनाव अधिकारी।

बार एसोसिएशन महम के चुनाव में विजयी रहे पदाधिकारियों को चुनाव कमेटी द्वारा चुनाव जीतने का प्रमाण पत्र दिया गया। इस समारोह में बार एसोसिएशन के नवचयनित प्रधान प्रदीप ढाका, उपप्रधान राजपाल अहलावत, सचिव सुमित सिवाच और कोषाध्यक्ष ममता कटारिया को चुनाव अधिकारी राजेश गोयत, वेदप्रकाश अहलावत और अशोक सिवाच ने फूलों के गुलदस्ते भेंट किए और उसके बाद उनको प्रमाण पत्र दिए गए। नवचयनित प्रधान प्रदीप ढाका ने कहा कि यदि चुनाव के दौरान यदि उसकी कोई बात किसी वकील को बुरी लगी हो तो वे इसके लिए माफी मांगते हैं। अब चुनाव खत्म हो चुका है, सभी वकील एकजुट होकर काम करेंगे। चुनाव अधिकारी राजेश गोयत ने भी चुनाव में प्रत्याशी रहे वकीलों से कहा कि हो सकता है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी वकील को उनके व्यवहार से ठेस पहुंची हो तो वे भी इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। यह कानूनी मजबूरियां होती हैं। अब हम सब एक हैं। मिलजुलकर बार के हित में काम करना है। प्रधान प्रदीप ढाका ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती है। लेकिन अवकाश की वजह से सभी वकील इस दिन कोर्ट में नहीं पहुंच पाएंगे। इस बात को ध्यान में रखते हुए बार रूम में 11 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। स्कूली बच्चों और वकीलों की अलग अलग भाषण प्रतियोगिता करवाई जाएगी। विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर एडवोकेट सुरेंद्र सिंह ग्रेवाल, कर्मवीर सिंह, संदीप बंसल, जितेंद्र सैनी, मोनू मल्होत्रा, सुनील कुमार घोघलिया, सत्येंद्र यादव व जोगिंद्र शर्मा समेत कई वकील मौजूद थे।

महम बार एसोसिएशन रूम में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

बार एसोसिएशन महम के नव चयनित पदाधिकारियों ने वकीलों से सुझाव मांगे हैं। कहा है कि बार रूम में एक सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी। जो वकील मीटिंग में कुछ सुझाव देने से वंचित रह जाते हैं, तो वे इस सुझाव पेटिका में अपना सुझाव लिखकर डाल सकते हैं। इस दौरान वकीलों ने नए पदाधिकारियों को कुछ सुझाव भी दिए। बार सचिव सुमित सिवाच ने बताया कि वकीलों के सुझाव पर बार रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

एथलेटिक मीट के इवेंट्स की शुरुआत 100 मीटर रेस के साथ हुई

किशोरी कॉलेज के एथलेटिक मीट में दीपांशी को बेस्ट एथलीट का आवार्ड

जाट एजुकेशन सोसाइटी प्रधान गुलाब सिंह दीमाना ने व कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य अतिथि का पौधा देकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। खिलाड़ियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि एसडीएम पानीपत आशीष वशिष्ठ व जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दीमाना।

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में 2 दिन से चल रही एनुअल एथलेटिक्स मीट का समापन मंगलवार को हो गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम पानीपत आशीष वशिष्ठ ने शिरकत की । जाट एजुकेशन सोसाइटी प्रधान गुलाब सिंह दीमाना ने व कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य अतिथि को पौधा देकर स्वागत किया। इसी के साथ एथलेटिक मीट के इवेंट्स की शुरुआत 100 मीटर रेस के साथ करवाई गई। जिसमें दीपांशी ने प्रथम स्थान, शिखा ने द्वितीय तथा निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद योग डेमोंसट्रेशन करवाया गया। जिसमें छात्राओं ने बहुत अच्छी प्रस्तुति की। रिले रेस का इवेंट करवाया गया। जिमनास्टिक का डेमोंसट्रेशन करवाया गया, जिसमें लड़कियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अंत में प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन किया गया जिसमें एथलेटिक मीट के दौरान हुए सभी इवेंट्स के खिलाड़ियों को मेडल ,सर्टिफिकेट तथा कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया । इस के साथ ही 2023-24 सैशन के एकेडमिक अचीवर्स को भी सर्टिफिकेट, मेडल और प्राइज मनी देकर सम्मानित किया गया। एक्स्ट्रा को-करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया तथा उन्हें ट्रॉफी, प्राइज मनी तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। एथलीट मीट की ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में डॉ. मुकेश गोयत ,डॉ. कुसुम लता, डॉ. रेखा नरवाल, डॉ. मनीष सैनी ,डॉ. मनीषा हुड्डा, डॉ. सुषमा ,मिस ज्योति, श्संगीता तथा डॉक्टर सोनिया रही। इस दौरान जाट शिक्षण संस्थानों के उप प्रधान धर्मराज तथा स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

छात्राओं को खेल का महत्व बताया

मुख्य अतिथि आशीष वशिष्ठ ने छात्राओं को खेल का महत्व बताया तथा इसके साथ-साथ उन्होंने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि शिक्षा तथा खेलों को साथ-साथ आगे बढ़ाने से सफलता प्राप्त होती है तथा उन्होंने छात्राओं को मेहनत तथा कंटिन्यूटी के साथ लगातार प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दीमाना जाट एजुकेशन सोसाइटी ने भी खेल मैदानों के विकास के लिए सभी संभव कार्य करने का आश्वासन खिलाड़ियों को दिया । महाविद्यालय में खेल के मैदानों को सर्वश्रेष्ठ मैदानों के रूप में विकसित करने का वादा किया।

अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के सदस्य।

आशा वर्करों ने प्रदर्शन कर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ो आशा वर्करों ने सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन कर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। 26 हजार रुपये वेतन, एनएचएम को स्थाई बनाने व हड़ताल के दौरान का मानदेय जारी करने की मांग की। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सोनिया व संचालन जिला सचिव फूलवती ने किया।

सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ा रही है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। आशा वर्कर से फील्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सारे कार्यों को करते हुए उनका रखरखाव रखने का दबाव बनाया जाता है, बिना कोई प्रोत्साहन राशि दिए डिजिटल कार्य भी करवा रही है। जब आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के पास जाती है तो केंद्र सरकार राज्य का मसला कह कर टालने के प्रयास करती है कि सरकार के रवैये से आशा वर्कर्स बहुत नाराज है।

यह है मुख्य मांगे

एन एच एम को स्थायी स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाकर 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करते हुए, आशाओं को वर्कर का दर्जा दिया जाए। पूरे देश में एक समान कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित की जाए। 6 माह का वेतन मातृत्व अवकाश, 20 दिन का आकस्मिक अवकाश और चिकित्सा अवकाश सुनिश्चित किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं की वरिष्ठता के आधार पर अन्य पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित कि जाए। सभी पी एचसी व सीएचसी और अस्पतालों में आशा विश्राम कक्ष बनाए जाए।

मानुषी और माता रीतू रहे विजेता,आईबी स्मार्ट स्मार्ट में आयोजित की गई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। प्रतिभाओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। कार्यक्रम के दौरान मौजूद विदेशी मेहमान। फोटो : हरिभूमि

आईबी स्मार्ट स्टार्ट में कल्चरस फेस्ट के मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया । इसमें तरह-तरह के शानदार पकवान बनाए गए। जिसमें यूके से मिस डैनियल ब्राऊन (बट्रिश गर्वनमेंट मे एम बी ई) और न्यूजीलैंड के मिस्टर शॉन (औलम्पिक आरचर मे वर्ल्ड कप गोल्ड मेडलिस्ट) मौजूद रहे । इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । इस प्रतियोगिता मे माताओं और विद्यार्थियों ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत धुल, मुख्य अध्यापिका प्रीती चौधरी भी मौजूद रही। इस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी मानुषी और माता रीतू रहे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से माताओं और विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कौशाल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों का उत्साह और आनंद बनाए रखने के लिए बहुत सारे खेलों का आयोजन किया गया । इसमें म्यूजिकल चेयर और तंबोला जैसे खेल मौजूद थे। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया , जिसके फलस्वरूप म्यूजिकल चेयर में माता कनिका , तंबोला में माता बंदाना और मिस्टर शॉन विजयी रहे । मुख्यापिका तथा विदेशी मेहमानों के द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

विधायक बीबी बतरा ने पीजीआईएमएस में कार्यरत डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या विधानसभा में पूछी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। कांग्रेस विधायक बीबी बतरा।

- विधानसभा में गूंजेगा कच्चा बेरी रोड अंडरपास, शिवाजी कॉलोनी, सुभाष रोड गांधी कैंप की दुकानों का मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना स्थानांतरण मामला

विधायक भारत भूषण बत्रा ने रोहतक से जुड़े अहम मुद्दों पर विधानसभा में सवाल पूछे हैं। जिनमें से कईयो के जवाब विभाग द्वारा उन्हें भेजे भी गए हैं। विधायक ने सबसे पहले मुख्यमंत्री संभावित योजना के अंतर्गत दुकानों की रजिस्ट्री पर सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा है कि नगर निगम रोहतक ने शिवाजी कॉलोनी मार्केट में 41 दुकान, सुभाष रोड मार्केट में 50 दुकान ,कच्चा बेरी रोड मार्केट में 54 दुकान ,गांधी कैंप मार्केट में 12 दुकान एवं सिविल रोड मार्केट में 9 दुकान बनाई हैं। यह सभी दुकानदारों को मुख्यमंत्री सम्मानित योजना के तहत स्थानांतरित की जानी है। जिन दुकानदारों ने उक्त योजना के तहत आवेदन किया, उन्हें किन कारणों से अब तक मालिकाना हक नहीं दिया गया ,जबकि 25 साल से अधिक समय से वे 25 साल से बतौर किराएदार वहां काबिज है। उन्होंने सरकार से पूछा है कि इन दुकानदारों को स्वामित्व देने में अगर दूसरे विभाग की जमीन बीच में आ रही है तो सरकार इस समस्या का समाधान करने के लिए अब तक क्या प्रयास कर रही है, और कब तक इन दुकानदारों को स्वामित्व दिए जाने की योजना है। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से यह भी जानना चाहा है कि पीजीआई रोहतक के सभी विभागों में वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या कितनी है ,और उसमें कितनी कमी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने पीजीआई पर दिया जवाब

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस रोहतक में 436 डॉक्टर 387 पैरामेडिकल स्टाफ और 1190 नर्सिंग स्टाफ कार्यरत है। सीनियर रेजिडेंट्स/ डॉक्टर के 212 रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुके हैं। पैरामेडिकल स्टाफ के 210 और नर्सिंग स्टाफ के 178 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके साथ ही उनका कहना है कि पीजीआई में 1124 बाथरूम और शौचालय अच्छी स्थिति में है।

पुस्तकालयाध्यक्षों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने ओपन डेटा एक्टिविटीज एंड रोल ऑफ लाइब्रेरी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. मनोज के. जोशी ने बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कादयान द्वारा संसाधन व्यक्ति का औपचारिक पुष्पांजलि स्वागत के साथ हुई, उनके साथ प्रो. निर्मल कुमार स्वैन और डॉ. अनिल कुमार सिवाच भी थे। प्रो. जोशी ने विषय पर बात की और मुख्य रूप से ओपन डेटा पॉलिसी के नेतृत्व वाली पहल, एनडीएसएपी-2012 की आवश्यकता और उपयोग तथा पुस्तकालयाध्यक्षों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

पेश किए गए बजट में किसानों के लिए किए गए विशेष प्रावधान:डीसी

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए 2025-26 के बजट में समाज के सभी वर्गों विशेषकर किसानों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किए गए है। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में किसानों के कल्याण के लिए भी घोषणा की गई है। धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को एक हजार रुपये के स्थान पर 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाएगा। धान की सीधी बुआई को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली 4 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि को बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़ किया जा रहा है।

ढोल जगीरो दा, मेरे रश्के कमर, माही वे आदि गीतों से रंगीन हुई शाम

गायिका जुगनी के नाम रही गीतों की एक शाम

- मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित गायिका जुगनी के सूफियाना गीत के साथ पंजाबी लोक गीत ने भी संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। कार्यक्रम में गायिका जुगनी को स्मृति चिन्ह देते मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा एवं वीसी राजबीर सिंह की पत्नी डॉ. शरणजीत कौर , कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में रंग सुर की शाम प्रतिष्ठित गायिका जुगनी के सूफियाना गीत, पंजाबी लोक गीत और लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों के नाम रही। जुगनी ने अपने जोरदार, शानदार गीत प्रस्तुतियों से उपस्थित जन को झूमा दिया। ढोल जगीरो दा, मेरे रश्के कमर, माही वे, ईद मुबारक, अलिफ लैला, चम्बे दी बूटी समेत बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम में प्यार प्रेम का ढंग भी घोला। सूफियाना गीतों में संगीत की दिव्यता की प्रस्तुति उन्होंने अपने गायन में दी। जुगनी के साथ मोहित ने की बोर्ड, आशीष ने ढोलक, तथा तबले पर तथा मलकीत ने ऑक्टोपैड पर संगत दी। इससे पूर्व, संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में सितार वादन प्रस्तुति से झंकृत कर दिया। रंग सुर कार्यक्रम का संयोजन प्रो. विमल ने किया। उन्होंने आभार भी जताया। रंग सुर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा एवं वीसी राजबीर सिंह की पत्नी डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि संगीत दिव्यता की ओर ले जाता है। संगीत के सुर जीवन में आनंद का संचार करते हैं, ऐसा उनका कहना था। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि रंग सुर के जरिए एमडीयू समुदाय को गीत और संगीत से जोड़ा जा रहा है। विद्यार्थियों की संगीत प्रतिभा को सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है, ऐसा उनका कहना था। रंग महोत्सव के संयोजक डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने रंग महोत्सव और रंग सुर इवेंट्स को स्टूडेंट कैपेसिटी बिल्डिंग की पहल बताया। रंग सुर कार्यक्रम का मंच संचालन संगीत विभाग के राजीव कुमार आर्य ने किया। निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने कार्यक्रम एवं मंचीय व्यवस्था सम्बन्धित दायित्व निर्वहन किया। एमडीयू रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत समेत एमडीयू के अधिकारीगण, प्राध्यापकगण, विवि कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी, संगीत प्रेमी कार्यक्रम में शामिल हुए।

हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता बनी मनीषा व मुस्कान

महम। राजकीय महाविद्यालय महम में हिंदी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व से परिचित करवाना था। प्रतियोगिता के प्रति उत्साह दिखाते हुए लगभग 15 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका ज्योति शर्मा अर्थशास्त्र प्राध्यापक तथा अनिल कुमार भूगोल प्राध्यापक ने निभाई। प्रतियोगिता हिंदी विभाग के प्राध्यापक सविता व दिनेश कुमार की देखरेख में करवाई गई। प्राचार्य रोहित कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को संबोधित कर भविष्य में भी उत्साह के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में स्नातक द्वतीय वर्ष की मनीषा व मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

कस्बे की मंडी में सड़क का निर्माण शुरू

सांपला। मार्केट कमेटी बोर्ड द्वारा मंडी में टूटे मार्ग में पानी निकासी के लिए नारे बनाने का काम तेज कर दिया है। अधिकारियों का कहना कि गेहूं की खरीद से पहले सभी मार्ग न नालों का काम पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार अनाज मंडी व सब्जी मंडी की सड़क जगह-जगह से टूट चुकी थी। इसके अलावा बारिश के पानी की निकासी भी समुचित नहीं थी। जिसकी वजह से बारिश होने पर जगह पानी जमा हो जाता था और किसानों को परेशानी उठानी पड़ती थी।

एमडीयू में 3 दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव शुरू

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग, सांख्यिकी विभाग तथा कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में गणित विभाग में बूटकैम्प-कम-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 25 से 27 मार्च तक तीन दिवसीय बूटकैम्प के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसके पश्चात 28 मार्च को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। इस बूटकैम्प-कम-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में गणित विभाग, सांख्यिकी विभाग एवं कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन विभाग के 100 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण किया।

एसजेके कॉलेज में हुआ विस्तार व्याख्यान

रोहतक। सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय में मंगलवार को कॉलेज के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ट व एनसीसी यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैश्य कॉलेज ऑफ लॉ, रोहतक से डां. निधि के नेतृत्व में आई टीम ने कैड्ट्स व विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा व अन्य कानूनी मुद्दो पर जानकारी प्रदान की।

45 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण यात्रा में भाग लिया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) के विद्यार्थियों के दल ने एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय और अक्षरधाम मंदिर की विजिट की जिसमें 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लंबित 444 शिकायतों का अधिकारी जल्द से जल्द करें निपटारा : उपायुक्त

समाधान शिविर : अब तक प्राप्त 5954 में से 4989 शिकायतों का समाधान

- सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटारा करना सुनिश्चित करें। अब तक समाधान शिविरों में 5954 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4989 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। अधिकारी शेष लम्बित 444 शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा करें। अन्य शिकायतों में री-ओपन तथा रद्द की गई शिकायतें शामिल हैं। लम्बित शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है।

रोहतक। समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ।

धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित प्रत्येक शिकायत के निदान के लिए प्रति कार्य दिवस सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे समाधान शिविर में साधारण कागज पर अपनी समस्या को लिखकर लाएं। जिला प्रशासन द्वारा साधारण कागज पर लिखी शिकायतों पर भी कार्रवाई की जाएगी। अपनी समस्या कम्प्यूटर पर टाईप करवाकर लाने की आवश्यकता नहीं है।

नोडल अधिकारी नियुक्त करें : नरेंद्र कुमार

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि विभागाध्यक्ष विभाग से संबंधित शिकायतों के निपटारे तथा अंतरविभागीय तालमेल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा इसकी सूचना भिजवाएं। नोडल अधिकारी संबंधित विभाग की समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम वींडो तथा सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेवार होंगे। यदि विभागाध्यक्ष नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं करते हैं तो उपरोक्त के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

नरेंद्र कुमार ने वृद्धावस्था पेंशन तथा क्रीड में वार्षिक आय की जांच के संदर्भ में प्राप्त शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई, नगर निगम, पुलिस, राजस्व, कॉमन सर्विस सैंटर, समाज कल्याण तथा अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त शिकायतों के निपटारे के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सीएम वींडो तथा समाधान शिविर की लम्बित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी इन समस्याओं का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह के साथ नगर निगम से संबंधित लम्बित शिकायतों की समीक्षा की तथा आवश्यक हिदायतें दी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसौदिया, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, पुलिस निरीक्षक रमेश कुमार, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ वतन सेढ़ा, सहायक नगर योजनाकार वैशाली सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव 2025-26 शुरू

डीसी का अभिभावकों से अनुरोध सरकारी स्कूलों में करवाएं दाखिला

- 53 मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के स्कूल मुखियाओं से बैठक, दिया टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव 2025-26 शुरू हो गया है । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी सरकारी विद्यालयों में दाखिले के लिए प्रवेश उत्सव की विधिवत शुरुआत वीडियो मैसेज के माध्यम की है। वीडियो मैसेज के माध्यम से डीसी ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला करवाएं और यहां पर उपलब्ध सभी सुविधाओं का फायदा उठाकर अपने बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण करें। इस मैसेज की सार्थकता तभी है जब डीसी ये बताए कि उनके और दूसरे प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चे कौन-कौनसे सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, इसकी जानकारी डीसी को तुरंत सार्वजनिक करनी चाहिए। अगर उपायुक्त ऐसा करते हैं तो ही उनकी अपील का अभिभावकों पर असर पड़ेगा। वरना तो फिर सब कुछ हवा-हवाई ही लगेगा। एडमिशन को लेकर मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से जिले के सभी 53 मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के स्कूल मुखियाओं से मीटिंग का आयोजन किया। एवं सभी स्कूलों को एक निश्चित टारगेट दिया। साथ ही आह्वान भी किया कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को अपने विद्यालय में दाखिला करें । अपने स्कूलों में उपलब्ध सभी सरकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं अध्यापकों के द्वारा किए जा रहे बेहतरीन कार्य को अभिभावकों के समक्ष रखें। उन्हें विश्वास दिलाए कि हमारे सरकारी विद्यालयों में बच्चों का भविष्य बेहतर एवं सुरक्षित है। इसी कदम को आगे बढ़ाते हुए दोनों अधिकारियों ने ऐसे स्कूलों के साथ भी मीटिंग की जहां छात्र संख्या कम है। ऐसे विद्यालय भी चिन्हित किए गए जहां पर छात्र संख्या कम है ।

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ।

स्कूल मुखियाओं को दिए आदेश

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूल मुखियाओं को आदेश दिया कि जिनके विद्यालयों में छात्र संख्या 50 या 50 से कम है उन सभी को अगले 10 दिन में ये टारगेट पूरा कर लेना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने उपस्थित सदस्यों को कुछ टिप्स भी दिए कि किस प्रकार से वह इस प्रवेश उत्सव को जन जन तक पहुंचाएं। प्रवेश उत्सव को सफल बनाने की सभी पदासीन अधिकारियों, स्कूल मुखिया, कक्षा अध्यापक की अपनी अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारी है , जिनका पत्र के माध्यम से सभी को सांझा भी कर दिया गया है।

अधिकारियों ने दिए सुझाव

ग्रामीण विद्यालयों के सरपंच , पंचायत सदस्यों ,प्रभावशाली व्यक्तियों, गण मान्य व्यक्तियों, की सहायता लेते हुए दाखिला अभियान को सफल बनाने के सुझाव अधिकारियों ने मुखियाओं को दिए। जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने विभागीय दिशा निर्देश एवं महत्वपूर्ण दाखिला तिथियों को साझा किया एवं निपुण कार्यक्रम के तहत किया जा रहे हैं। बैठक में जिले की स्टार अध्यापिकारेनिका मलिक ने बताया कि किस तरीके से मिड डे मील वर्कर्स विद्यार्थियों के अभिभावकों पंचायत सदस्यों एमसी मेंबर्स की सहायता लेते हुए अपने स्कूलों में छात्र संख्या को बढ़ा रहे हैं। बैठक में बीआरसी सुंदरलाल , संपर्क फ़ाउंडेशन के जिला समन्वयक पवन कुमार एवं आंचल कुमारी उपस्थित रही।

30 तक धूमधाम से किया जाएगा आर्य समाज के स्थापना दिवस का आयोजन

- आर्य समाज डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के तत्वावधान में आर्य समाज डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल द्वारा 30 मार्च तक आर्य समाज स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गत 19 मार्च को हुआ है। इस दिन पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की पुण्यतिथि थी। इस दिन उनके जीवन व आर्य समाज की भलाई के लिए उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को विद्यार्थियों को बताया गया। तथा हवन का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर भजन, भाषण व उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। 22 मार्च को हैदराबाद सत्याग्रह आंदोलन स्मरण दिवस का आयोजन किया गया गया। जिसे आर्यसमाज के महान स्तम्भ महात्मा आनन्द स्वामी की गिरफ्तारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महात्मा आनन्द स्वामी के आर्यसमाज के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर 21 कुण्डीय यज्ञ किया गया जिसमें छात्रों के साथ साथ अभिभावकों ने भी भाग लिया।

आर्यसमाज और डीएवी कॉलेज प्रबन्धकृत समिति के प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के 78वें जन्मदिवस के अवसर पर शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष उनके जीवनवृत पर प्रकाश डाला तथा उनसे प्रेरणा लेकर उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों का अनुसरण करने की सबसे अपील की तथा सभी से अनुरोध किया कि वे संस्था की भलाई के लिए तत्पर रहे तथा अपनी डयूटी का निर्वाह पूर्ण ईमानदारी से करें।

घरफूंक थियेटर में हुआ भोजपुरी नाटक का हिन्दी में मंचन

रोहतक। सप्तक कल्चरल सोसायटी रोहतक की घरफूंक थियेटर सीरीज में इस बार भोजपुरी नाटक शनि के साढ़सती का हिन्दी में मंचन किया गया। भोजपुरी रंगमंच को समर्पित नाट्य संस्था रंगश्री, दिल्ली द्वारा नाटककार ब्रह्मेश्वर नाथ तिवारी के इस हास्य नाटक का हिंदी में यह तीसरी सफल मंचन था। स्थानीय सोसर्ग थियेटर में मंचित शनि की साढ़सती का निर्देशन रंगश्री के संस्थापक और भोजपुरी के जाने माने नाटककार एवं रंगकर्मी महेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। अंधविश्वास और पुरोहितवाद पर करारा व्यंग्य करने वाले इस नाटक की कहानी एक ऐसे पुरोहित पर आधारित है, जो पाप का भय दिखाकर अपने जजमान को धन, अनाज और जेवर दान करने पर विवश कर देता है। कहानी में एक व्यक्ति बिल्ली को डंडा मार देता है और उसे लगता है कि बिल्ली की मौत हो गई। इस पर वह पुरोहित को बुलाकर पाप के प्रायश्चित का उपाय पूछता है। पुरोहित उसे कई तरह के भय दिखाकर बहुत सा सामान ऐंठ लेता है। उसकी पोल तब खुलती है जब वह जजमान की बिल्ली की आत्मा से बात करवाने का ढोंग करता है। इसी बीच पता चलता है कि बिल्ली जिंदा थी और मात्र बेहोश हुई थी। नाटक में कलाकारों का अभिनय इतना सहज और जीवंत रहा कि पूरा समय दर्शक हंस हंस कर लोटपोट होते रहे।



लड़कियों की आवासीय कुश्ती अकादमी के लिए ट्रायल 28 को

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि सर छोटूराम स्टेडियम में लड़कियों की कुश्ती खेल की आवासीय खेल अकादमी संचालित की जा रही है। वर्ष 2025-26 के लिए 12 से 19 वर्ष आयुवर्ग की कुश्ती खेल की खिलाड़ियों के लिए 28 मार्च को सुबह 9 बजे चयन के लिए ट्रायल होगा। खडग़टा ने बताया कि लड़कियों की कुश्ती खेल की आवासीय खेल अकादमी में मान्यता प्राप्त अंतर राष्ट्रीय / राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक व प्रतिभागिता तथा राज्य एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक लडकी खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेने के लिए 28 मार्च को सुबह 9 बजे सर छोटूराम स्टेडियम में पहुंचे। खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र की मूल व फोटोप्रति, आधार कार्ड की मूल व फोटोप्रति, रिहायशी प्रमाण पत्र की मूल व फोटोप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटो तथा खिलाड़ी के शिक्षा संस्थान द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र / एडमिशन विड्रॉल की सत्यापित फोटोप्रति साथ लेकर आए। डीसी ने कहा कि मान्यता प्राप्त अंतर राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक व प्रतिभागिता तथा राज्य एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाली खिलाडियों का चयन किया जाएगा।

पद्मश्री डॉ. पूनम का 77 वां जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलएफ कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान पद्मश्री डॉक्टर पूनम सूरी का 77 वां जन्मदिन उल्लास पूर्वक मनाया गया। विदित हो कि डॉक्टर सूरी आर्य प्रादेशिक सभा नई दिल्ली के भी प्रधान पद पर सुशोभित हैं। डॉक्टर सूरी के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय को ओम के झंडों से खूब सजाया गया। स्कूल के स्टाफ ने 11 कुंडीय हवन के माध्यम से उनके दीर्घायु होने की कामना की। सभी ने उनके स्वस्थ और ऊर्जावान रहने की कामना भी की। हवन के साथ-साथ स्कूल के प्रांगण में ओम नाम के भजनों की गूंज थी। इस दिवस का समापन डीएवी गान से किया गया व प्रसाद वितरण किया गया। स्कूल प्राचार्या रिंकू वर्मा ने इस मौके पर डॉक्टर सूरी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूरी ने न केवल समाज सेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में महान योगदान दिया है। अपितु पत्रकारिता के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित किए हैं। उनकी महान उपलब्धियों के दृष्टिगत ही उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से अलंकृत किया है, जो हम सभी के लिए गौरव का विषय है, ऐसा वर्मा ने कहा।

अस्पतालों में डॉक्टरों से अपॉइंटमेंट व अन्य समस्याओं का एक कॉल में होगा समाधान

रोहतक। राज्य सरकार की ओर से प्रदेशवासियों को ऑनलाइन नागरिक सेवाएं उपलब्ध करवाने को लेकर हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी पहल की है। सरकार की इस नई पहल के जरिए अब प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टर से मिलने का समय लेने के लिए टोल फ्री नंबर डायल-104 की सुविधा उपलब्ध करवाई है। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है। इसके बाद शिकायतकर्ता को पांच दिन की समयावधि में कॉल बैक की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लंबी लाइन में लगने की झंझट से बचाना है। अब डायल 104 पर कॉल कर पूर्व में ही डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। इससे बिना किसी अड़चन के सुगम तरीके से ईलाज को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

खंडवार जिला निर्वाचक व उप जिला निर्वाचक अधिकारी नियुक्त : उपायुक्त

मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 2025 को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा अधिसूचना जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित उपचुनाव को लेकर मतदाता सूचियों को तैयार किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) धीरेंद्र खडग़टा ने हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 2 (ड) के अंतर्गत मतदाता सूचियों को तैयार करवाने के लिए खंडवार जिला निर्वाचक अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जारी किए गए आदेशों के अनुसार रोहतक खंड के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को जिला निर्वाचक अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, रोहतक को उप जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से महम खंड के लिए उपमंडल अधिकारी (नागरिक) महम को जिला निर्वाचक अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महम को उप जिला निर्वाचक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वार्ड वाइज वोटर लिस्ट का होगा प्रकाशन

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि हरियाणा में विभिन्न ग्राम पंचायत समितियां व जिला परिषद के चुनाव के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल 2025 तक वार्ड वाइज ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रकाशन और वोटर लिस्ट का फाइनल पब्लिकेशन 13 मई 2025 को होगा। जिला रोहतक में दो सरपंच जो की सांपला ब्लॉक में अटायल व कलानौर ब्लॉक में बनियानी में सरपंच पद का चुनाव होगा तथा लाखनमाजरा रोहतक, सांपला कलानौर महम में विभिन्न पंच पदों के लिए चुनाव होगा।

कार्यक्रम रंग सृजन इवेंट में प्रतिभागियों ने सुंदर पेंटिंग्स बनाई, शानदार तस्वीरें खींच कर की प्रदर्शित

रंग सृजन कार्यक्रम का समापन, लोगों ने फेस पेंटिंग और हैंडीक्राफ्ट को सराहा

- ▶▶| सुंदर डेकोरेटिव आइटम्स बनाकर दृश्य कला विभाग के विद्यार्थियों ने प्रोडक्ट्स की बिक्री की
- ▶▶| विद्यार्थियों ने आयोजन स्थल को आर्ट डेकोर से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सृजनात्मक ललित कला को समर्पित रंग सृजन दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संपन्न हो गया। एमडीयू में आयोजित किए जा रहे रंग महोत्सव के तहत दृश्य कला विभाग ने इस रंग सृजन इवेंट को संचालित किया। रंग सृजन इवेंट में प्रतिभागियों ने सुंदर पेंटिंग्स बनाई, शानदार तस्वीरें खींच कर प्रदर्शित की। फेस पेंटिंग की, हैंडीक्राफ्ट वर्क किया तथा प्रदर्शित किए। सुंदर डैकोरेटिव आइटम्स बनाकर दृश्य कला विभाग के विद्यार्थियों ने इन प्रोडक्ट्स की बिक्री भी की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रंग सृजन के संयोजक संजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजन स्थल को आर्ट डेकोर से सजाया।

रोहतक। रंग सृजन इवेंट का अवलोकन करते मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर।

रोहतक। विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर,चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान, निदेशक यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. अंजू धीमान व विभागाध्यक्ष संजय।

विभागाध्यक्ष संजय ने रंग सृजन इवेंट के बारे दी जानकारी

विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने रंग सृजन इवेंट बारे विस्तृत जानकारी दी। संजय कुमार ने कहा कि भविष्य में कैंपस सौंदर्यीकरण के लिए विभाग के विद्यार्थी कार्य करेंगे। मंच संचालन छात्रा कृषिका छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुतियों भी दी। विजुअल आर्ट्स विभाग के प्राध्यापक डॉ. अंजलि दुहन, डॉ. राजेश कुमार, प्रवीण कुमार ने रंग सृजन आयोजन सहयोग दिया। विभागीय कर्मियों ने आयोजन संबन्धित दायित्व निर्वहन किए। रंग सृजन के तहत चित्रकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विजुअल आर्ट्स, डीएलसी सुपवा तथा राजकीय महिला महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लोक कला के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान

आज रंग सृजन इवेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने इस रंग सृजन इवेंट की सराहना करते हुए कहा कि कला जीवन में नीरसता को दूर करते हुए खुशनुमा रंगों का संचार जीवन में करती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी गण अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग कर जीविका उपार्जन भी कर सकते हैं। कला, विशेष रूप से लोक कला के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान डॉ. शरणजीत कौर ने किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में रंग सृजन इवेंट राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करे, ऐसी कामना करती हूं। उन्होंने रंग सृजन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।